रौल नं०.............................नाम परीक्षार्थी.............................

X-10 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० A

# सामाजिक विज्ञान (केवल एक प्रश्न–पत्र)

समय – 3.00 घण्टा कक्षा – 10 पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख है।(ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क बहुविकल्पीय प्रश्न

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुकनर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. नैपोलियन का सम्बन्ध किस देश से था :– 1
(क) जर्मनी (ख) इटली (ग) फ्रांस (घ) इंग्लैण्ड।
2. प्रथम विश्वयुद्ध प्रारंम्भ हुआ था :– 1
(क) 1910 में (ख) 1911 में (ग) 1914 में (घ) 1920 में।
3. जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ :– 1
(क) 5 अप्रैल, 1999 म (ख) 10 अप्रैल, 1919 में
(ग) 20 अप्रैल, 1919 में (घ) 13 अप्रैल, 1919 में।
4. 'करो या मरो' का नारा किसका था :– 1
(क) सुभाषचन्द्र बोस (ख) चन्द्रशेखर आजाद
(ग) भगत सिंह (घ) महात्मा गाँधी।
5. पुनर्जागरण युग का अभ्युदय किस देश से हुआ था :– 1
(क) रोम (ख) इटली (ग) ब्रिटेन (घ) अमेरिका।
6. स्वतंत्रता के समय बेल्जियम में डच–भाषी थे :– 1
(क) 40% (ख) 49% (ग) 50% (घ) 59%
7. अमेरिकी संघ में राज्यों की संख्या है :– 1
(क) 50 (ख) 52 (ग) 28 (घ) 13
8. निम्नलिखित में से कौन–सा राज्य सूची का विषय है :– 1
(क) मुद्रा (ख) विदेशी कार्य (ग) बैंकिंग (घ) व्यापार।
9. भारत में पंचायती राज्य की स्थापना हुई थी :– 1
(क) 1980 में (ख) 1990 में (ग) 1992 में (घ) 2004 में।
10. निम्न में से कौन अजैवीय संसाधन है :– 1
(क) चट्टानें (ख) पशु (ग) पौधे (घ) मछलियाँ।
11. निम्न में से कौन–सा जैव संसाधन है:– 1
(क) लोहा (ख) मत्स्य उद्योग (ग) ताँबा (घ) चट्टानें।
12. 'चिपको आन्दोलन' सम्बन्धित है :– 1
(क) मृदा संरक्षण (ख) वन संरक्षण
(ग) जल संरक्षण (घ) वायु संरक्षण।
13. 20वीं सदी में बाघो की अनुमानिक संख्या रह गई थी :– 1
(क) 1527 (ख) 1827 (ग) 1427 (घ) 1327
14. निम्न में से कौन–सा भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिशत राष्ट्रीय वन नीति (1952) द्वारा निर्धारित किया गया है :– 1
(क) 33 (ख) 42 (ग) 23 (घ) 31
15. सलाल बाँध किस नदी पर बना है :– 1
(क) महानदी (ख) चिनाब (ग) सतलुज (घ) कृष्णा।
16. पंजाब के समृद्ध किसान क्या नहीं चाहेंगे :– 1
(क) सस्ते श्रमिक (ख) उच्च आय (ग) गिरते मूल्य (घ) अधिक उपज

(पृष्ठ पलटिए)

17. प्रति व्यक्ति आय को अन्य किस नाम से जाना जाता है :- 1

(क) औसत आय (ख) राष्ट्रीय आय

(ग) व्यक्तिगत आय (घ) इनमें से कोई नहीं।

18. निम्न में से सार्वजनिक क्षेत्र में कौन नहीं है :- 1

(क) रेलवे (ख) डाकघर (ग) सेल (घ) टिस्को।

19. सेवाओं को किस क्रियाकलाप क्षेत्रक के अन्तर्गत रखा जाता है :- 1

(अ) प्राथमिक क्षेत्रक (ब) द्वितीयक क्षेत्रक

(स) तृतीयक क्षेत्रक (द) सूचना प्रौद्योगिकी।

20. जमा किया गया धन कहलाता है :- 1

(क) माँग जमा (ख) देन जमा (ग) दोहरी जमा (घ) ये सभी।

## खण्ड—ख (वर्णात्मक प्रश्न)

### उपखण्ड—अ

21. बिस्मार्क कौन था? उसने जर्मनी का एकीकरण किस प्रकार किया? 4

**अथवा**

भारत छोड़ो आन्दोलन के किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।

22. महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए। 4

**अथवा**

संघीय व्यवस्था में न्यायपालिका की भूमिका की विवेचना कीजिए।

23. संसाधन नियोजन क्यों आवश्यक है? नियोजन प्रक्रिया के विभिन्न सोपान बताइए। 4

**अथवा**

जैव विविधता क्या है? यह मानव जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?

24. राष्ट्रीय आय से क्या अभिप्राय है? 4

**अथवा**

अल्प बेरोजगारी क्या है? यह किन क्षेत्रकों में विद्यमान है?

### उपखण्ड – ब

25. जर्मन एकीकरण की प्रक्रिया के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 6

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था पर आर्थिक महामंदी के पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए।

26. लोकतंत्र में क्यों तथा कैसे शक्ति में भागीदारी की जाती है? स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

'भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है।' किन्हीं तीन प्रावधानों के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

27. मृदा अपरदन क्या है? भारत में प्रचलित मृदा अपरदन के प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए। 6

**अथवा**

जल संरक्षण क्यों आवश्यक है? जल संरक्षण की चार विधियों का उल्लेख कीजिए।

28. आर्थिक विकास से क्या आशय है? आर्थिक विकास एवं आर्थिक संवृद्धि में अन्तर बताइए। 6

**अथवा**

भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए।

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:- 10

29. (क) वह स्थान जहाँ सर्वप्रथम नमक बनाया गया ——

(ख) सलाल बाँध ○ (ग) दक्षिण भारत की एक नदी ▬ ▬

(घ) एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र ⬡ (ङ) असम की राजधानी। ●

नाम परीक्षार्थी...................................अनुक्रमांक.........................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

